कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी वन एवं वन्य जीव प्रभाग, अमरोहा।

पत्रांक 1466 /14–1,दिनांक,अमरोहा,दिसम्बर 06 2021,

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

विषयः– गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के प्रस्ताव में दिनांक 29.11.2021 को वन मुख्यालय स्थित परिजात कक्ष में बैठक के दौरान उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव में पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में ।

सन्दर्भः– परिजात कक्ष में आयोजित बैठक दिनांक 29.11.2021 का कार्यवृत्त।

महोदय,

उपरोक्त विषयक गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के प्रस्ताव में दिनांक 29.11.2021 को वन मुख्यालय स्थित परिजात कक्ष में बैठक के दौरान उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव में पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में अमरोहा वन प्रभाग की ओर से निम्न प्रकार आपत्तियों का उत्तरालेख प्रेषित किया जा रहा है :–

**अमरोहा वन प्रभाग**

| कसं0 | आपत्ति / कमियां | प्रभाग का उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | ऑनलाइन भाग–2 के कमांक–13 (i) Patch wiso details for Dogradod Aroa (To bo oarmarked by DFO) में कमांक 13 में (iii) में अपलोड किया गया टोपोशीट एवं कमांक–13 (iV) में अपलोड किया गया डाटा गैर वनभूमि से सम्बन्धित है, जोकि इसके ऊपर प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा अपलोड किया गया है। अतः यहाँ से इसे डिलिट करें। | टोपोशीट डिलिट कर दी गयी है। |
| 2 | प्रभागीय वनाधिकारी की संस्तुति का पत्र प्रस्ताव में संलग्न नहीं है। | प्रस्ताव के साथ संलग्न कर प्रस्ताव की प्रति उन्नाव प्रभाग को दिनांक 29.11.2021 को परिजात कक्ष में बैठक के दौरान उपलब्ध करा दिया गया है। |
| 3 | हस्तिनापुर वन्यजीव विहार का गजट संलग्न नहीं है। | प्रस्तावित परियोजना हस्तिनापुर वन्य जीव विहार के 10 किमी0 से वाहर होने का प्रमाण पत्र प्रस्ताव के साथ संलग्न कर दिनांक 29.11.2021 को परिजात कक्ष में बैठक के दौरान उपलब्ध करा दिया गया है। |
| 4 | लीज अविध प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं है। | प्रयोक्ता अभिकरण के हस्ताक्षर कराते हुए प्रस्ताव के साथ संलग्न कर दिनांक 29.11.2021 को परिजात कक्ष में बैठक के दौरान उपलब्ध करा दिया गया है। |
| 5 | प्रस्तावित वनभूमि में प्रभावित होने वाले बाधक वृक्षों का व्यासवार वैज्ञानिक नाम सहित सूची ऑनलाइन भाग–2 के व्यासवर्ग के अनुसार संलग्न करें तथा तदानुसार ऑनलाइन भाग–2 में अपलोड करें। | प्रभाग की ओर से 3629 वृक्षों की व्यासवार, वैज्ञानिक नाम सहित सूची ऑन लाईन अपलोड कर दी गयी है। |

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग
अमरोहा।

संख्या– / उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक मुरादाबाद की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग
अमरोहा।